Asthal Bohar, Rohtak-124021
NH-10, NCR, Haryana (India)

BMU IN NEWS
BABA MASTNATH UNIVERSITY

25 December, 2022
Sunday
Page No.1

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

बीएमयू में चल रहे आयुर्वेद पर्व मनाया जा रहा

लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व औषधियां की प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन द्वारा आयुष मंत्रालय के सौजन्य से संचालित किए जा रहे आयुर्वेद पर्व के दूसरे दिन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभ आरंभ किया। बाबा मस्तनाथ विशवविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. अंजना राव ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सबसे प्राचीन के साथ साथ सुरक्षित भी है कोरोना काल में आयुर्वेद चिकित्सा सबसे ज्यादा कारगर सिद्ध हुई है। इसलिए हम भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपनाकर हम स्वस्थ और सुरक्षित रह सकते हैं। इस

महापर्व में आयुर्वेद व यूनानी उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ साथ आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी, योगा, फिजीयोथेरेपी नैचुरोथेरपी, सिद्ध प्राकृतिक चिकित्सा व योग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पुराने रोगों का इलाज भी किया जा रहा है। एवं का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने और उत्पादों को को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। आयोजन के तहत आयुर्वेद से जुड़ी अनेक दवा कंपनियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली है।

इस आयुर्वेद महापर्व में मुख्य रूप से डाबर धूतपापेश्वर, मुल्तानी, योगीराज फार्मेसी, सिंह इंटरनेशनल, श्री आयुर्वेद सेवा सदन, धनवंतरी गुजराज हर्ब, हेल्थ एंड फिटनेस, नॉर्थ इंडिया ड्रग्स जैसी अनेक कंपनियां महापर्व में शामिल हुई हैं।

द्वितीय सत्र रेगुलेटरी अफेयर्स इन आयुर्वेदा मैन्युफैक्चरिंग रहा। जिसके अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र खुराना एवं उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा थे। सत्र में डॉ. हिमांशु तिवारी डॉक्टर जेपी गुप्ता एवं डॉ. इंदु शर्मा ने व्याख्यान प्रस्तुत किए अंतिम वैज्ञानिक सत्र माइलस्टोन इन आयुर्वेदा इस नाम से रहा। जिसके अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र यादव तथा उपाध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश थे। इस सत्र में डॉक्टर गुरुदत्त अमीन, डॉ. निशा फोगाट एवं डॉ. पूजा रोहिल्ला ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनन्या ने किया। इन सभी वैज्ञानिक सत्र में डॉ आश्विनी गौतम डॉक्टर नीरज खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आयुर्वेद पर्व का दूसरा दिन

शनिवार को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयुर्वेद पर्व का दूसरा दिन सफलता पूर्वक मनाया गया। जिसमें 3 वैज्ञानिक सत्र सम्पन्न हुए प्रथम सत्र का नाम आयुर्वेदिक आहार एवं एएसयू फूड इंडस्ट्रीज और रसायन था, जिसके अध्यक्ष वैद्य तारावंद शर्मा एवं उपाध्यक्ष वैद्य ओम प्रकाश वशिष्ट थे। इस सत्र में डॉ उमेश शाहपुरा, डॉक्टर अष्टलक्ष्मी, डॉ पुनीत शर्मा, डॉ प्रीति एवं डॉ संजय अत्री ने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रार काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन दिनेश शर्मा उत्तर प्रदेश आयुर्वेद अकादमी अध्यक्ष डॉ गोपाल दत्त डॉ ओपी वशिष्ट डॉ पवन वशिष्ठ, वैद्य एसएन पाण्डेय, वैद्य तारावंद शर्मा, वैद्य अश्वनी गौतम, डॉ मनोज वर्मा, डॉ नवीन कौशिक डॉ मुकेश मित्तल डॉ नीरज खरे डॉ अजय वशिष्ठ, डॉ ललित कुमार, डॉ सुभाष चंद्र गुप्ता डॉ देवेंद्र वशिष्ठ डॉ जयदीप बिसाला आदि उपस्थित रहे।

दैनिक सवेरा

आयुर्वेद चिकित्सा सबसे प्राचीन व सुरक्षित पद्धति : डा. अंजना राव

बीएमयू में आयोजित आयुर्वेद महासम्मेलन में अतिथिगणों को सम्मानित करते

सवेरा न्यूज/नवीन मलिक रोहतक : बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन शुक्रवार को भी जारी रहा। इस अवसर पर बीएमयू की प्रो. चांसलर डॉ. अंजना राव ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभ आरभ किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सबसे प्राचीन के साथ साथ सुरक्षित भी है। कोरोना काल में आयुर्वेद चिकित्सा सबसे ज्यादा कारगर सिद्ध हुईहै। इसलिए हम भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपनाकर हम स्वस्थ और सुरक्षित रह सकते हैं। आज इस महापर्व में आयुर्वेद व यूनानी उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ साथ आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी, योगा , फीजीयोथेरेपी नेचुरोथेरपी, सिद्ध प्राकृतिक चिकित्सा व योग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पुराने रोगों का इलाज भी किया जा रहा है। इस आयुर्वेद महापर्व में मुख्य रूप से डाबर धूतपापेश्वर, मुल्तानी, योगीराज फार्मेसी, सिंह इंटरनैशनल, श्री आयुर्वेद सेवा सदन, धनवंतरी गुजराज हर्ब, हैल्थ एंड फिटनेस, नॉर्थ इंडिया ड्रग्स जैसी अनेक कंपनिया शामिल हुई है। इस अवसर पर वैद्य तारावंद शर्मा, ओम प्रकाश वशिष्ट, डा.उमेश शाहपुरा, डा. अष्टलक्ष्मी, डा. पुनीत शर्मा, डा. सजय अत्री, डा. देवेंद्र खुराना, डा. दिनेश शर्मा, दिनेश शर्मा, डा. गोपालदत्त, ओपी वशिष्ट, डा. पवन वशिष्ट, एसएन पाण्डेय, तारावंद शर्मा, अश्वनी गौतम, डा. मनोज वर्मा, डा. सुभाष चंद्र गुप्ता ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को लेकर अपने विचार साझा किए।

अमर उजाला

कार्यक्रम

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयुर्वेद पर्व का दूसरा दिन, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया

लोगों ने आयुर्वेद की औषधियों के बारे में जाना

संवाद न्यूज एजेंसी

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय परिसर में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन का आयोजन आयुष मंत्रालय के सौजन्य से किया जा रहा है। आयुर्वेद पर्व के दूसरे दिन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की प्रति कुलाधिपति डॉ. अंजना राव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यहां लोगों ने आयुर्वेद की औषधियों के बारे मे जाना। इस अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे।

डॉ अंजना राव ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सबसे प्राचीन के साथ-साथ सुरक्षित भी है। कोरोना काल में आयुर्वेद चिकित्सा सबसे ज्यादा कारगर सिद्ध हुई है। हम भारतीय चिकित्सा पद्धति को अपनाकर स्वस्थ और सुरक्षित रह सकते हैं। इस महापर्व में आयुर्वेद व यूनानी उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ साथ आयुर्वेद, यूनानी और योगा, फिजियोथैरेपी, सिद्ध प्राकृतिक चिकित्सा व योग के अनुभवी चिकित्सक पुराने रोगों का इलाज भी करते है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम मे आयुर्वेद से जुड़ी अनेक दवा कंपनियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली।

आयुर्वेद उत्पादों की प्रदर्शनी के दौरान दर्द निवारक दवा, हर्बल चाय, बालों में लगाने वाला तेल, च्यवनप्राश सहित अन्य उत्पाद प्रदर्शित किये गए, जिनकी लोगों ने खरीदारी की। साथ ही स्वास्थ्य का निशुल्क परीक्षण करवाया और आयुर्वेदिक औषधियों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर डॉ. अष्टलक्ष्मी, डॉ. पुनीत शर्मा, डॉ. प्रीति, डॉ. संजय अत्री, डॉ. देवेंद्र खुराना एवं उपाध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

कुलाधिपति डॉ. अंजना राव को सम्मानित करते हुए। विज्ञप्ति

आयुर्वेद के महत्व को समझना होगा : प्रवीण

श्री आयुर्वेद सेवा सदन से प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि आयुर्वेद के महत्व को समझने की जरूरत है। ऋषि मुनि भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार करते थे। आयुर्वेद से हर रोग का उपचार है। सरकार भी आयुर्वेद को बढ़ावा देने में लगी हुई है। जड़ी बूटियों का अच्छा ज्ञान हो, तो मरीजों को ठीक किया जा सकता है। आयुर्वेद में हर मर्ज की दवा है, इसलिए आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए ही इस प्रकार की प्रदर्शनी लगाई गई है।

Sukrampal

बीएमयू में चल रहे आयुर्वेद पर्व में लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और औषधियां प्राप्त की

रोहतक, सुकरामपाल 24 दिसंबर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन द्वारा आयुष मंत्रालय के सौजन्य से संचालित किए जा रहे आयुर्वेद पर्व के दूसरे दिन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभ आरंभ किया। इस अवसर पर बाबा मस्तनाथ विशवविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह और अन्य गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। डा. अंजना राव ने आयुर्वेद और चिकित्सा मंत्रालय को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सबसे प्राचीन के साथ साथ

आयुर्वेद व यूनानी उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ साथ आयुर्वेद,यूनानी और होम्योपैथी योगा , फीजीयोथेरेपी नैचुरोथेरपी, सिद्ध प्राकृतिक चिकित्सा व योग के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पुराने रोगों का इलाज भी किया जा रहा है। इस आयुर्वेद महापर्व में मुख्य रूप से डाबर धूतपापेश्वर, मुल्तानी, योगीराज फार्मेसी,सिंह इंटरनेशनल,श्री आयुर्वेद सेवा सदन, धनवंतरी गुजराज हर्ब, हेल्थ एंड फिटनेस कंपनियों की विशेष भागीदारी देखने को मिली है। इस आयुर्वेद महापर्व में मुख्य रूप से डाबर धूतपापेश्वर, मुल्तानी, योगीराज फार्मेसी,सिंह इंटरनेशनल,श्री आयुर्वेद सेवा सदन, धनवंतरी गुजराज हर्ब, हेल्थ एंड फिटनेस जैसी अनेक कंपनियां महापर्व में शामिल हुई हैं।

द्वितीय सत्र रेगुलेटरी अफेयर्स इन आयुर्वेदा मैन्युफैक्चरिंग रहा जिसके अध्यक्ष डॉ देवेंद्र खुराना एवं उपाध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा थे। इस सत्र में डॉ हिमांशु तिवारी डॉक्टर गुरुदत्त अमीन डॉक्टर निशा फोगाट एवं डॉक्टर पूजा रोहिल्ला ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनन्या ने किया। इन सभी वैज्ञानिक सत्र में डॉ आश्विनी गौतम डॉक्टर नीरज खरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रजिस्ट्रार काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन दिनेश शर्मा उत्तर प्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन अध्यक्ष डॉक्टर गोपाल दत्त डॉक्टर ओपी वशिष्ट कुरुक्षेत्र सरकार हरियाणा आयुर्वेद महासम्मेलन से डॉ पवन वशिष्ठ महासचिव आयुर्वेद महासम्मेलन वैद्य एसएन पाण्डेय अखिल भारतीय आयुर्वेद परिषद के अध्यक्ष वैद्य तारावंद शर्मा अध्यक्ष वरुणा प्रदेश आयुर्वेद सम्मेलन वैद्य अश्वनी

दैनिक उजाला आज तक

बीएमयू में चल रहे आयुर्वेद पर्व में लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और औषधियां प्राप्त की